29/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

राज्य सरकार तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्यायिक संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - को 1 जुलाई से लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता, 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता अधिनियम, 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सफल कार्यान्वयन और नई प्रणाली में निर्बाध संक्रमण सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। होम ज्वाइंट सेक्रेटरी कर्मा लेकी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि राज्य पुलिस बल गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य केंद्र रहा है जिसका उद्देश्य तीन नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में राज्य में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर से लेकर इंस्पेक्टर तक कुल 106 अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो उनतीस अप्रैल से चौबीस मई तक हुआ। कुल उनतालीस सब इंस्पेक्टर्स एवं इंस्पेक्टर्स को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है।

000000000000000000000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए ने कल जारी एक अधिसूचना में कहा कि **यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा** अब इक्कीस अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी।

यह परीक्षा इस महीने की अट्ठारह तारीख को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी। शिक्षा मंत्रालय को जानकारी मिली थी कि परीक्षा की विश्वसनीयता से समझौता किया गया था। सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति, पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश और जूनियर रिसर्च फेलोशिप की स्कॉलरशिप के लिए यूजीसी-नेट परीक्षा आयोजित की जाती है। संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट जून-2024 अब पच्चीस से सत्ताईस जुलाई तक आयोजित की जाएगी।

0000000000000000000000

लद्दाख क्षेत्र में कल रात टैंक युद्ध अभ्यास के दौरान पांच सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गए। टैंक जब नदी पार कर रहे थे तो अचानक जल का प्रवाह बढ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। वास्तविक नियंत्रण रेखा-एल.ए.सी. के निकट दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र में टैंक युद्ध का एक अभ्यास चल रहा था। आधिकारिक वक्तव्य में लेह के रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण गतिविधि के दौरान यह दुर्घटना हुई है। पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांग्सा के निकट श्योक नदी में अचानक जल का स्तर बढ जाने के कारण सेना का एक टी-72 टैंक फंस गया। बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन जल के तेज प्रवाह के कारण बचाव अभियान सफल नहीं रहा और टैंक के सदस्यों को जान गंवानी पडी। सेना ने पांच वीर सैनिको के बलिदान पर दु:ख व्यक्त किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में एक नदी में से टैंक पार करवाते समय हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में भारतीय सेना के पांच जवानों के मारे जाने पर दुख व्यक्त किया है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद 'मन की बात' की यह पहली कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और newsonair मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

0000000000000000000000

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के पांच जिलों में खराब मौसम की चेतावनी जारी की है। ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, लोहित और नामसाई जिले में भारी बारिश के साथ गरज और बिजली गिरने की संभावना है। तवांग, पापुमपारे, क्रा दादी, लोअर सियांग, लेपा रादा, वेस्ट सियांग, सियांग, अपर सियांग, अंजाव और चांगलांग जिले में भी अगले चौबीस घंटों में भारी बारिश के साथ गरज और बिजली गिरने की संभावना है। राज्य के अन्य जिलों में भी कल तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है।

0000000000000000000000

लाजू स्थित ईएसी मुख्यालय में शुक्रवार को अरुणाचल विकास परिषद की तिरप इकाई द्वारा तिरप जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित निःशुल्क 'नेत्र जांच-सह-सामान्य स्वास्थ्य शिविर' से कुल दो सौ छब्बीस रोगियों लाभान्वित हुए। उपायुक्त इरा सिंघल ने शिविर का दौरा किया और ग्रामीणों से अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

टी20 विश्व कप दो हजार चौबीस के फाइनल में आज बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच रात 8 बजे शुरू होगा। सेमीफाइनल की तरह, शनिवार को होने वाले टी20 विश्व कप फाइनल में भी बारिश होने की संभावना है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, उनतीस जून को बारिश की अट्ठहत्तर प्रतिशत और तूफान की सैतालीस प्रतिशत संभावना है। आईसीसी ने खेल पूरा होने के लिए 190 मिनट का अतिरिक्त समय आवंटित किया है। विश्व क्रिकेट संस्था ने फाइनल मैच आज पूरा नहीं हो पाने की स्थिति में रिजर्व डे का भी प्रावधान किया है।

0000000000000000000000